आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश में 6 में से 3 तीन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों की सूची की जारी।
- केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस को संतान, सम्पत्ति, सनातन और सीमा विरोधी दिया करार– कहा– सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण भाजपा की पहचान।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आरोप– प्रदेश में धन–बल से सत्ता हथियाने के भाजपा के इरादे नहीं हो सके कामयाब।
- लाहौल स्पीति से भाजपा के पूर्व मंत्री रामलाल मारकंडा का निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान– कल से चुनाव प्रचार करेंगे शुरू।

.................

कांग्रेस सूची

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश में विधानसभा के उपचुनाव के लिए 6 में से तीन निर्वाचन क्षेत्रों पर प्रत्याशियों की सूची आज जारी कर दी है। इनमें सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से कैप्टन रणजीत सिंह राणा, गगरेट निर्वाचन क्षेत्र से राकेश कालिया और कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से विवेक शर्मा को प्रत्याशी बनाया गया है।

प्रचार भाजपा

प्रदेश में लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा उप–चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार धीरे–धीरे तेज होने लगा है। केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर ने आज बिलासपुर ज़िले के घुमारवीं क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर चुनाव प्रचार किया। इस दौरान कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपनी झूठी गारंटियों से माताओं, बहनों, किसानों और गरीबों को ठगने का काम किया है और अब हमारी संतानों को भी ठगने की योजना बना रही है। अनुराग ठाकुर ने लोगों से कांग्रेस और उससे जुड़ी सभी पार्टियों से सचेत रहने का आग्रह करते हुए कहा कि

कांग्रेस पार्टी संतान, सम्पत्ति, सनातन और सीमा विरोधी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में सबका साथ–सबका विकास और सबका विश्वास के मूलमंत्र के साथ कार्य किया है। अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों का उल्लेख भी किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 40 वर्षों के शासन में ऊना तक ट्रेन नहीं पहुंची थी और अब लोगों को ऊना से दौलतपुर तक रेल सेवा की सुविधा मिल रही है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इसके अलावा हरिद्वार, वृंदावन, मथुरा, उज्जैन, आगरा, ग्वालियर, खाटूश्याम, कलकता और चण्डीगढ़ के लिए भी सीधी ट्रेन है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लिए देश की सबसे आधुनिक ट्रेन वंदे भारत भी यहां से उपलब्ध है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि बिलासपुर रेलवे लाइन का कार्य भी तेज़ गति से चल रहा है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर भाजपा भारी बहुमत से जीत हासिल करेगी। इस बीच सुप्रीम कोर्ट द्वारा वीवीपैट की पर्चियों के मिलान की याचिका को खारिज किए जाने के फैसले का स्वागत करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज एक बार फिर विपक्ष बेनकाब हुआ है जो बार–बार अपनी हार का ठिकरा ईवीएम पर फोड़ता है। उन्होंने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण भाजपा की पहचान है जबकि विपक्ष की पहचान भय, भ्रम और भ्रष्टाचार है। इधर शिमला लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व सांसद सुरेश कश्यप ने कसौली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर चुनाव प्रचार किया। इस बीच मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत ने सरकाघाट के बल्द्वाड़ा में भाजपा के पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

<u>प्रचार कांग्रेस</u>

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में दूर–दराज क्षेत्र डोडरा–क्वार से चुनाव अभियान शुरू किया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर ज़ोरदार हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा ने धन–बल से सत्ता को हथियाने का प्रयास किया है लेकिन उनके इरादे कामयाब नहीं हो सके। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा ने पैसे के दम पर कांग्रेस के 6 विधायकों को अपने साथ मिलाया और राज्यसभा चुनाव के लिए पार्टी के प्रत्याशी के खिलाफ क्रॉस वोट किया। उन्होंने कहा कि बिकाऊ नेता कभी भी जनसेवक नहीं बन सकते। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव आयोग ने प्यारी बहना सुख सम्मान निधि के फार्म भरने की मंजूरी दे दी है और एक जून को महिलाओं को 3 हज़ार रूपये की राशि उनके खाते में ट्रांसफर की जाएगी। इस

अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने वर्तमान भाजपा सांसद सुरेश कश्यप पर आरोप लगाया कि वे आपदा के समय गायब रहे और ठियोग, रोहडू व जुब्बल–कोटखाई क्षेत्रों के विकास के लिए अपनी निधि में से एक रूपया भी नहीं दिया। इस दौरान शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी ने भी लोगों से जनसमर्थन मांगा।

बाद में सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सिरमौर ज़िला के राजगढ़ में भी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने लोगों से प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों सहित 6 विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस को समर्थन देने का आग्रह किया ताकि भाजपा की खरीद–फरोख्त की राजनीति के खिलाफ पूरे देश में कड़ा संदेश जाए। मुख्यमंत्री ने लोगों से शिमला लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी को भारी बहुमत से जीताने का आग्रह भी किया।

मारकंडा

विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ने की अटकलों के बीच भाजपा के पूर्व मंत्री रामलाल मारकंडा ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। मारकंडा ने बताया कि वे 27 अप्रैल से लाहौल में चुनाव प्रचार अभियान शुरू करेंगे। रामलाल मारकंडा भाजपा के टिकट से चार बार चुनाव लड़ चुके हैं जिनमें से तीन बार उन्हें जीत मिली है। वर्ष 1998 में उन्होंने हीविंका के टिकट से पहली बार चुनाव लड़ा और जीत हासिल कर मंत्री बने थे। रामलाल मारकंडा द्वारा निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान करने के बाद लाहौल स्पीति निर्वाचन क्षेत्र में राजनीतिक समीकरण बदल गए हैं। भाजपा ने यहां से कांग्रेस के बागी रवि ठाकुर को टिकट दिया है, इससे रामलाल मारकंडा नाराज चल रहे थे। लाहौल स्पीति में तिकोणा मुकाबला होने से विधानसभा उपचुनाव और रोचक हो गया है।

अविनाश खन्ना

प्रदेश भाजपा प्रभारी अविनाश राय खन्ना ने आज धर्मशाला में पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए सभी कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव के लिए कमर कसने का आहवान कियां। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी चारों लोकसभा सीटों पर एक बार फिर भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी और नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। अविनाश राय खन्ना ने कहा कि कांगड़ा संसदीय क्षेत्र  से मौजूदा सांसद किशन कपूर ने क्षेत्र के मुददों को हल करवाने के लिए भरसक प्रयास किए हैं और गग्गल एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए काम करवाया। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में प्रदेश का पहला युनिटी मॉल बनाने के लिए केंद्र सरकार ने पिछले वित्त वर्ष में एक सौ 32 करोड़ रूपए मंजूर किए हैं। इस बीच अविनाश राय खन्ना ने बौद्व धर्म गुरू दलाई लामा से भी शिष्टाचार भेंट की।

संजय अवस्थी

प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष व मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने कहा है कि भाजपा नेता कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी लोगों पर कोई अवैध टैक्स नहीं लगाया और न ही किसी की सम्पति हड़पने का प्रयास किया। संजय अवस्थी ने कहा कि भाजपा नेता मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाने के लिए बेबुनियाद बयानबाजी कर रहे है और कांग्रेस के घोषणा पत्र से घबराए हुए हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों व निर्णयों से परेशान है और आने वाले चुनावों में भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देगी।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य अनेक पार्टियों के कुछ सांसदों को एकत्रित करके अस्थिर सरकार व कमज़ोर प्रधानमंत्री बनाना है। आज सोलन में एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने यही कार्य पहले भी किया जिसके कारण देश को अस्थिरता के दौर से गुजरना पड़ा है। राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के चुनाव घोषणापत्र में छुपा एजेंडा बाहर निकल गया है और इसके मुताबिक भारत में अगर कांग्रेस की सरकार सत्ता में आएगी तो अमेरिका की तर्ज पर देशवासियों की सम्पति पर वैल्थ टैक्स लगेगा और सम्पत्ति स्थानांतरण पर भी भारी मात्रा में कर देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र विरासत भी—विकास भी और गरीब कल्याण महिला सम्मान, युवा उत्थान व किसान कल्याण के लिए मोदी की गारंटी है।

मांग

चंबा ज़िला के जनजातीय क्षेत्र पांगी की सेचू पंचायत के वार्ड नम्बर—4 की वार्ड पंच माघी शर्मा ने आवासीय आयुक्त पांगी से उनके वार्ड में बिजली व्यवस्था जल्द सुचारू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वार्ड में पिछले करीब तीन माह से विद्युत आपूर्ति बाधित है, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। माघी शर्मा ने कहा कि बिजली न होने से लोगों को रोजमर्रा के कार्य निपटाने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में वार्ड में बिजली व्यवस्था जल्द बहाल करने का आग्रह है।

महेन्द्र धर्माणी

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता महेन्द्र धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं चरमरा गई हैं और प्रदेश सरकार ने हिमकेयर योजना का भुगतान रोक कर ज़रूरतमंद मरीजों के ईलाज की सुविधा पर रोक लगा दी है। एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं अब गरीबों से दूर हो गई हैं और लोग लाखों रूपये खर्च करने पर मज़बूर हो रहे हैं। महेन्द्र धर्माणी ने कहा कि प्रदेश में हिमकेयर योजना के तहत 2 सौ 78 अस्पताल पंजीकृत है और पिछले तीन साल में इस योजना के माध्यम से लगभग 4 लाख 85 हज़ार लोगों का ईलाज किया गया है।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर

- अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश में 6 में से 3 तीन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों की सूची की जारी।
- केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस को संतान, सम्पत्ति, सनातन और सीमा विरोधी दिया करार– कहा– सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण भाजपा की पहचान।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आरोप– प्रदेश में धन–बल से सत्ता हथियाने के भाजपा के इरादे नहीं हो सके कामयाब।
- लाहौल स्पीति से भाजपा के पूर्व मंत्री रामलाल मारकंडा का निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान– कल से चुनाव प्रचार करेंगे शुरू।

...........